पंजाब केसरी 19/03/2026

जी.एम.एन. कॉलेज ने युवा रैडक्रॉस शिविर में लहराया परचम, जीती ट्रॉफियां

खुशी व्यक्त करते विजेता रहे विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 18 मार्च (बलराम): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा राजस्थान कॉलेज ऑफएग्रीकल्चर उदयपुर में आयोजित पांच दिवसीय युवा रैडक्रॉस शिविर में जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। शिविर के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। नृत्य प्रतियोगिता में स्नेहा रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एकल गायन में कुलजोत ने द्वितीय स्थान हासिल कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों के इन उत्कृष्ट प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप कॉलेज को दो प्रतिष्ठित ट्रॉफियां प्राप्त हुई। एक स्वर्ण ट्रॉफी प्रथम स्थान तथा एक रजत ट्रॉफी द्वितीय स्थान। यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय बनी।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। हमें उन पर गर्व है और इस प्रकार के अनुभव उन्हें जिम्मेदार और आत्मविश्वासी नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जी.एम.एन. कॉलेज के युवा रैडक्रॉस इकाई के अध्यक्ष डा. राकेश ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे स्वयंसेवकों ने जिस समर्पण, सेवा भावना और अनुशासन का परिचय दिया है, वह वास्तव में सराहनीय है।

इस शिविर में कॉलेज के प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थियों के साथ एक शिक्षक डा. अनीश ने सक्रिय एवं उत्साह पूर्ण भागीदारी निभाई। डा. अनीश ने विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रत्येक गतिविधि में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। शिविर के समन्वयक डी.एस. राणा के कुशल मार्गदर्शन, प्रभावी नेतृत्व एवं सुव्यवस्थित योजना के तहत यह आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।